an>

Title: Need to strengthen the existing health care facilities in Jhunjhunu, Rajasthan.

श्रीमती संतोष अहलावत (झुंझुनू): धन्यवाद अध्यक्ष महोदया, आपने शून्य काल में मुझे महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने का मौका दिया। महोदया, मैं स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के बारे में स्वास्थ्य मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं। महोदया, झुंझुनू जिले में व्याप्त स्वास्थ्य की समस्याओं के माननीय मंत्री जी को अवगत कराने के लिए मैं खड़ी हुई हूं। वहां पर आर्थिक प्रगति की असीम संभावनाएं हैं, पर यह जिला अभी भी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा है। जिले में जितने भी प्राथमिक उपचार केन्द्र हैं, उनमें उचित आधारभूत संरचना भी नहीं है। उन केन्द्रों में या तो कर्मचारी नहीं हैं या अधिकांशतः पद खाली पड़े हैं या फिर गुणवत्ता नहीं है। इस जिले में जिला अस्पताल की हालत यह है कि वहां आधुनिक आधारभूत संरचना का जबर्दस्त अभाव है। सरकार गांव और दूरदराज के इलाकों में चिकित्सकों की समस्या निपटाने हेतु इंटेंशिप प्रोग्राम चलाने वाली थी, उस कार्यक्रम का क्या हुआ, यह मैं जानना चाहती हूं। इस जिले में जिला अस्पताल के अलावा कोई बड़ा अस्पताल नहीं है। उसकी हालत भी संतोषजनक नहीं है। पिछली सरकार में हमारे जिले के पूर्व मंत्री जी ने दावा किया था कि इस जिले में ईएसआई अस्पताल खोला जाएगा।

माननीय अध्यक्ष : आप सभी लोग एक बात समझिये कि सभी स्टेट मैटर्स जो वहां से सोल्व होने हैं वे यहां पर जीरो आवर में नहीं डालते हैं।

श्रीमती संतोष अहलावत : मैडम, यह यहां का मैटर है। मैं आपसे कहना चाहती हूं कि जिले के पूर्व मंत्री जी ने यह दावा किया था कि ईएसआई अस्पताल खुल गया है। अगर वह अस्पताल खुल गया है तो वह क्रियान्वयन की किस अवस्था में है, यह मैं जानना चाहती हूं।